<u>जानकी प्रसाद वर्मा मेमोरियल शिक्षण संस्थान की बैठक दिनांक 06.05.2022</u>
<u>के कार्यवृत्त की प्रमाणित प्रतिलिपि</u>

<u>प्रस्ताव-2-</u> श्री चन्द्रशेखर वर्मा, प्रबन्धक ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिसके क्रम में समिति द्वारा हाईकोर्ट में रिट भी दाखिल की गयी है। अतः समिति द्वारा ग्राम-कोटवा सड़क, परगना-सूर्यपुर, तहसील-राम सनेही घाट, जिला-बाराबंकी में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

<u>अनुमोदन-</u> उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम-कोटवा सड़क, परगना-सूर्यपुर, तहसील-राम सनेही घाट, जिला-बाराबंकी में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु सचिव श्री राधेलाल वर्मा को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भवन, फर्नीचर, बेतन, आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी सचिव श्री राधेलाल वर्मा को अधिकृत किया गया।

<u>प्रस्ताव-3-</u> श्री भगवती प्रसाद, उपाध्यक्ष ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज़ के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'दुर्गा फार्मेसी कॉलेज' (Durga Pharmacy College) नाम प्रस्तावित किया।

<u>अनुमोदन-</u> उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'दुर्गा फार्मेसी कॉलेज' (Durga Pharmacy College) रखने का समर्थन किया।

सत्य प्रतिलिपि।
दिनांकः 04.07.2022

सचिव
Secretary
Janki Prasad Verma Memorial Shikshan
Sansthan, Kotwa Sadak, Barabanki

पताः कोटवा सड़क, फैजाबाद हाइवे निकट अहमदपुर टोल प्लाजा, बाराबंकी–225405
E-mail : jpvmgroup@gmail.com web : www.jpvmbarabanki.com
Mob : 9452771896, 6393849493

जानकी प्रसाद वर्मा मेमोरियल शिक्षण संस्थान की बैठक दिनांक 06.05.2022 के कार्यवृत्त की प्रमाणित प्रतिलिपि

प्रस्ताव-4- श्री दुर्गा प्रसाद, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम-कोटवा सड़क, परगना-सूर्यपुर, तहसील-राम सनेही घाट, ज़िला-बाराबंकी में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं.-78 रकबा 0.2495 हे., गाटा सं.-79 रकबा 0.235 एवं गाटा सं.-94 रकबा 0.3467 कुल रकबा-0.8312 हेक्टेयर (2.05 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम-कोटवा सड़क, परगना-सूर्यपुर, तहसील-राम सनेही घाट, जिला-बाराबंकी में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं.-78 रकबा 0.2495 हे., गाटा सं.-79 रकबा 0.235 एवं गाटा सं.-94 रकबा 0.3467 कुल रकबा-0.8312 हेक्टेयर (2.05 एकड़) को 'दुर्गा फार्मेसी कॉलेज' (Durga Pharmacy College) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा सचिव श्री राधेलाल वर्मा को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव-5- श्री शिवनारायण, अध्यक्ष ने प्रस्तावित 'दुर्गा फार्मेसी कॉलेज' (Durga Pharmacy College) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के सचिव श्री राधेलाल वर्मा को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से सचिव श्री राधेलाल वर्मा को प्रस्तावित 'दुर्गा फार्मेसी कॉलेज' (Durga Pharmacy College) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित 'दुर्गा फार्मेसी कॉलेज' (Durga Pharmacy College) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

सत्य प्रतिलिपि।
दिनांकः **04.07.2022**

सचिव
Secretary
Janki Prasad Verma Memorial Shikshan
Sansthan, Kotwa Sadak, Barabanki

पताः कोटवा सड़क, फैजाबाद हाइवे निकट अहमदपुर टोल प्लाजा, बाराबंकी-225405
E-mail : jpvmgroup@gmail.com web : www.jpvmbarabanki.com
Mob : 9452771896, 6393849493